INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

REET

(मुख्य परीक्षा हेतु)

Level – 2

ॐ सरस्वती मया दृष्ट्वा, वीणा पुस्तक धारणीम।

हंस वाहिनी समायुक्ता मां विद्या दान करोतु में ॐ।।

भाग – 1

राजस्थान का भूगोल + इतिहास + संस्कृति + भाषा

प्रस्तावना

*प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स "**राजस्थान 3rd ग्रेड (REET मुख्य परीक्षा लेवल – 2 हेतु)** को एक विभिन्न अपने अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है / ये नोट्स पाठकों को **राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर (RSMSSB)** द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा "**राजस्थान 3rd ग्रेड (REET मुख्य परीक्षा लेवल – 2)" की** परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगें/*

अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स में कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती है / अतः आप सूचि पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं/

प्रकाशकः

INFUSION NOTES

जयपुर, 302029 (RAJASTHAN)

मो : 9887809083

ईमेल : contact@infusionnotes.com

वेबसाइट : http://www.infusionnotes.com

WhatsApp करें - https://wa.link/ny6pbb

Online Order करें - https://shorturl.at/liVK0

मूल्य : ₹

संस्करण : नवीनतम

राजस्थान का भूगोल

1. स्थिति एवं विस्तार	1
2. राजस्थान का भौगोलिक स्वरूप	17
3. मानसून तंत्र एवं जलवायु	27
4. (अपवाह तंत्र) - नदियाँ, झीलें एवं बाँध	31
5. एनीकट, जल संरक्षण विधियाँ एवं तकनीकियाँ	54
6. राजस्थान की वन संपदा	56
7. वन्य जीव-जंतु वन्य जीव संरक्षण एवं अभ्यारण्य	71
8. मृदाएँ एवं मृदा संरक्षण	66
9. राजस्थान की प्रमुख फसलें	70
10. जनसंख्या, जनसंख्या-घनत्व, साक्षरता, और लिंगानुपात	77
11. राजस्थान की जनजातियाँ एवं जनजातीय क्षेत्र	83
12. धात्विक एवं अधात्विक खनिज	85
13. राजस्थान के ऊर्जा संसाधन : परम्परागत एवं गैर परम्परागत	94
14. राजस्थान के पर्यटन स्थल	103
15. राजस्थान में यातायात के साधन	108

16. पशुधन एवं पशु मेले (एक्स्ट्रा) 115

इतिहास एवं संस्कृति

1. राजस्थान की प्राचीन सभ्यताएँ 122

- कालीबंगा, आहड़, गणेश्वर, बालाथल और बैराठ इत्यादि

2. राजस्थान की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटनाएँ, प्रमुख राजवंश 126

3. प्रशासनिक व राजस्व व्यवस्था 171

4. राजस्थान के प्रमुख व्यक्तित्व 179

5. 1857 की क्रांति में राजस्थान का योगदान 192

6. राजस्थान में जनजाति एवं किसान आंदोलन 199

7. प्रजामण्डल 210

8. राजस्थान का एकीकरण 220

कला एवं संस्कृति

1. राजस्थान की स्थापत्य कला, किले स्मारक महल इत्यादि 224

2. बावड़ी एवं हवेलियाँ 234

3. राजस्थान के मेले एवं त्यौहार 239

4. लोक कला, लोक संगीत 248

5. लोक नाट्य एवं लोक नृत्य 252

6. राजस्थान की सांस्कृतिक परम्परा एवं विरासत 258

7. राजस्थान के धार्मिक आंदोलन प्रमुख संत एवं सम्प्रदाय 267

- राजस्थान के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल 273

8. लोक देवता एंव लोक देवियाँ 274

9. राजस्थान के वस्त्र एवं आभूषण 280

10.राजस्थान की चित्रकलाएँ एवं हस्तशिल्प 282

राजस्थानी भाषा

1. राजस्थान की क्षेत्रीय बोलियाँ 288

2. प्रमुख राजस्थानी कृतियाँ एवं प्रमुख राजस्थानी साहित्यकार 292

3. राजस्थनी संत साहित्य एवं लोक साहित्य 296

राजस्थान का भूगोल

अध्याय – I

स्थिति एवं विस्तार

प्रिय छात्रों, राजस्थान शब्द का सर्वप्रथम उल्लेख राजस्थानी साहित्य विक्रम संवत 682 ई. में उत्कीर्ण बसंतगढ़ (सिरोही जिला) के शिलालेख में मिलता है।
मारवाड़ इतिहास के प्रसिद्ध लेखक "मुहणोत नैणसी"ने भी अपनी पुस्तक "नैणसी री ख्यात" में भी राजस्थान शब्द का प्रयोग किया है, लेकिन इस पुस्तक में यह शब्द भौगोलिक प्रदेश राजस्थान के लिए प्रयुक्त हुआ नहीं लगता।
महर्षि वाल्मीकि ने राजस्थान की भौगोलिक क्षेत्र के लिए "मरुकान्तार" शब्द का उल्लेख किया है।
लॉर्ज थॉमस पहले ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने सन 1800 ई. में इस भौगोलिक क्षेत्र को "राजपूताना" शब्द कहकर पुकारा। इस तथ्य का वर्णन विलियम फ्रैंकलिन ने अपनी पुस्तक **"मिलिट्री मेमोरीज ऑफ़ मिस्टर थॉमस"** में किया है।
लॉर्ज थॉमस:- लॉर्ज थॉमस एक आयरलैंड के सैनिक थे जो कि 18वीं. सदी में भारत आए और 1798 से 1801 तक भारत में एक छोटे से क्षेत्र (हिसार-हरियाणा) के राजा रहे। इन्होंने राजस्थान को "राजपूताना" शब्द इसलिए कहा क्योंकि मध्यकाल एवं पूर्व आधुनिक काल में राजस्थान में अधिकांश राजपूत राजवंशों का शासन था। ब्रिटिश काल में इस क्षेत्र को "राजपूताना" कहा जाता था।
विलियम फ्रैंकलिन:-विलियम फ्रैंकलीन मूल रूप से लंदन के निवासी थे। यह लॉर्ज थॉमस के घनिष्ट मित्र थे। उन्होंने 1805 लॉर्ज थॉमस के ऊपर "A Military Memories of George Thomas" नामक पुस्तक लिखी थी।
अकबर के नवरत्नों में से एक मध्यकालीन इतिहासकार **"अबुल फजल"** ने इस भौगोलिक क्षेत्र के लिए **"मरुभूमि"** शब्द का प्रयोग किया है।
1829 ईस्वी में "कर्नल जेम्स टॉड" ने अपनी पुस्तक **"एनाल्स एंड एंटीक्विटीज ऑफ राजस्थान"** में सर्वप्रथम राजस्थान को **"रजवाड़ा"** या राजस्थान का नाम दिया था।
कर्नल जेम्स टॉड:- कर्नल जेम्स टॉड 1818 से 1821 के मध्य मेवाड़ (उदयपुर) प्रांत में एक पॉलिटिकल (राजनीतिक) एजेंट थे तथा कुछ समय तक मारवाड़ रियासत के ब्रिटिश एजेंट भी रहे। कर्नल जेम्स टॉड इंग्लैंड के मूल निवासी थे, उन्होंने अपने घोड़े पर घूम - घूम कर राजस्थान के इतिहास लेखन का कार्य किया इसलिए इन्हें घोड़े वाले बाबा के नाम से भी जाना जाता है।
कर्नल जेम्स टॉड को **"राजस्थान के इतिहास का पितामह"** कहा जाता है।
कर्नल जेम्स टॉड की पुस्तक एनाल्स एंड एंटीक्विटीज ऑफ राजस्थान" को **"सेंट्रल एंड वेस्टर्न राजपूत स्टेट्स ऑफ इंडिया"** के नाम से भी जानते है।
इस पुस्तक का पहली बार हिंदी अनुवाद राजस्थान के प्रसिद्ध इतिहासकार **"गौरीशंकर -हीराचन्द ओझा"** ने किया था। इसे हिंदी में **"प्राचीन राजस्थान का विश्लेषण"** कहते है।
महाराज भीम सिंह ने कर्नल की सेवाओं से प्रभावित होकर गांव का नाम **"टॉडगढ़"** रख दिया था, जो कालांतर में टाडगढ़ कहलाने लगा जोकि आज ब्यावर जिले की तहसील का मुख्यालय है।

(ख) राजस्थान की स्थिति:-

1. **राजस्थान की स्थिति "पृथ्वी" पर:-** पृथ्वी पर राजस्थान की स्थिति को समझने से पहले निम्नलिखित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को समझना होगा-
(क) अंगारालैंड/युरेशियन प्लेट
(ख) गोंडवाना लैंड प्लेट
(ग) टेथिस सागर
(घ) पेंजिया
(ड) पेंथाल्जा

नोट:- प्रिय छात्रों, कृपया ध्यान दें कि – आज से करोड़ों वर्ष पहले पृथ्वी सिर्फ दो हिस्सों में बटी हुई थी

1. **स्थल**
2. **जल**

जैसा कि आज भी है, लेकिन वर्तमान में यदि हम स्थल मंडल को देखेंतो हमें यह कई भागों में विभाजित हुआ दिखता है, जैसे सात महाद्वीप अलग-अलग है। उनके भी कई देश एक-दूसरे से काफी अलग अलग है इत्यादि। लेकिन बहुत पहले संपूर्ण स्थलमंडल सिर्फ एक ही था; इसी स्थलीय क्षेत्र को **"पेंजिया"** के नाम से जानते थे तथा बाकी बचे हुए हिस्से को (जल वाले क्षेत्र को) **"पेंथाल्जा"** के नाम से जानते थे। अब इसे नीचे दिए गए मानचित्र से समझने की कोशिश कीजिए-



प्रिय छात्रों, पृथ्वी परिक्रमण एवं परिभ्रमण गति करती है अर्थात् अपने स्थान पर भी (1 दिन में) घूमती है, और सूर्य का चक्कर भी लगाती है। पृथ्वी की इस गति की वजह से स्थल मंडल की प्लेटों में हलचल होने की वजह से पंजिया (स्थलीय क्षेत्र) दो भागों में विभाजित हो गया जिसके उत्तरी भाग में उत्तरी अमेरिका, यूरोप और उत्तरी

एशिया का निर्माण हुआ इस स्थलीय क्षेत्र को "**अंगारा लैंड / यूरेशियन प्लेट**" के नाम से जानते है।
इसके दूसरे भाग (दक्षिणी) में दक्षिणी अमेरिका, दक्षिणी एशिया, अफ्रीका तथा अंटार्कटिका का निर्माण हुआ, इस क्षेत्र को "**गोंडवाना लैंड**"'प्लेट' के नाम से जानते है।
दोनों प्लेटों के बीच में विशाल सागर था जिसे "**टेथिस सागर**" के नाम से जानते थे।- इसको नीचे दिए गए मानचित्र की सहायता से समझते हैं-



नोटः- राजस्थान का पश्चिमी रेगिस्तान तथा रेगिस्तान में स्थित खारे पानी की झीले "**टेथिस सागर**" के अवशेष हैं तथा राजस्थान का मध्यवर्ती पहाड़ी क्षेत्र (अरावली पर्वत माला) एवं दक्षिण पूर्वी पठार भाग "गोंडवाना लैंड" प्लेट के हिस्से है।

टेथिस सागर- टेथिस सागर गोंडवाना लैंड प्लेट और युरेशियल प्लेट के मध्य स्थित एक सागर के रूप में कल्पित किया जाता है जो कि एक छिछला और संकरा सागर था और इसी में जमा अवसादो के प्लेट विवर्तनिकी के परिणामस्वरूप अफ्रीकी और भारतीय प्लेटों के यूरेशियन प्लेट के टकराने के कारण हिमालय और आल्प्स जैसे महान पहाड़ों की रचना हुई है।









प्रिय छात्रों ऊपर दिए गए मानचित्र के बारे में एक बार समझते हैं।

मानचित्र-।

पृथ्वी को भूमध्य रेखा से दो भागों में बांटा गया है-

1. **उत्तरी गोलार्द्ध**
2. **दक्षिणी गोलार्द्ध**

इसी प्रकार ग्रीनविच रेखा पृथ्वी को दो भागों में बांटती है-

1. पूर्वी क्षेत्र
2. पश्चिमी क्षेत्र

(देखे मानचित्र- 2)



नोट-

1. विश्व (अर्थात् पृथ्वी पर) में राजस्थान "उत्तर पूरब" दिशा में स्थित है। (देखे मानचित्र-)
2. एशिया महाद्वीप में राजस्थान "दक्षिणी पश्चिम" दिशा में स्थित है। (देखिए मानचित्र - 3,4)
3. भारत में राजस्थान उत्तर-पश्चिम में स्थित है। देखिए मानचित्र -4 (भारत)]



पूर्वी देशांतरीय भाग सूर्य के सबसे पहले सामने आता है, इस कारण सर्वप्रथम सूर्योदय व सूर्यास्त राजस्थान के पूर्वी भाग धौलपुर में होता है, जब कि सबसे पश्चिमी जिला जैसलमेर है। अतः जैसलमेर में सबसे अंत में सूर्योदय व सूर्यास्त होता है।



विस्तार:-

राजस्थान राज्य की उत्तर से दक्षिण तक की कुल लंबाई 826 किलोमीटर है तथा इसका विस्तार उत्तर में श्रीगंगानगर जिले के कोणा गांव से दक्षिण में बांसवाड़ा जिले की कुशलगढ़ तहसील के बोरकुंड गांव तक है।
इसी प्रकार पूरब से पश्चिम तक की चौड़ाई 869 किलोमीटर है तथा विस्तार पूरब में धौलपुर जिले के नगमोहनपुरा की ढाणी, सिलाना गांव से पश्चिम में जैसलमेर जिले के कटरा गांव (सम-तहसील) तक है।



आकृति

विषम कोणीय चतुर्भुज या पतंग के आकार के समान है। राज्य की स्थलीय सीमा 5920 किलोमीटर (1070 अंतरराष्ट्रीय व 4850 अंतर्राज्यीय) है।

रेडक्लिफ रेखा

रेडक्लिफ रेखा भारत और पाकिस्तान के मध्य स्थित है। इसके संस्थापक सर सीरिल एम. रेडक्लिफ को माना

जाता है। इसकी स्थापना 14/15 अगस्त 1947 को की गई। इसकी भारत के साथ कुल सीमा 3310 किलोमीटर है। रेडक्लिफ रेखा पर भारत के **तीन राज्य व दो केंद्र शासित प्रदेश** स्थितहै।

1. पंजाब (547 कि.मी.)
2. राजस्थान (1070 कि.मी.)
3. गुजरात (512 कि.मी.)

केंद्र शासित प्रदेश

1. जम्मू-कश्मीर (1216 कि.मी. लद्दाख व J&K दोनों)
2. लद्दाख

रेडक्लिफ रेखा के साथ सर्वाधिक सीमा- **राजस्थान** (1070 कि.मी.)

रेडक्लिफ रेखा के साथ सबसे कम सीमा- गुजरात (512 कि.मी.)

रेडक्लिफ रेखा के सर्वाधिक नजदीक राजधानी मुख्यालय- **श्रीनगर**

रेडक्लिफ रेखा के सर्वाधिक दुर राजधानी मुख्यालय- **जयपुर**

रेडक्लिफ रेखा पर क्षेत्र में बड़ा राज्य- **राजस्थान**

रेडक्लिफ रेखा पर क्षेत्र में सबसे छोटा राज्य- **पंजाब**

- रेडक्लिफ रेखा के साथ राजस्थान की कुल सीमा **1070 कि.मी.** है। जो **राजस्थान के पांच जिलों** से लगती है।

1. श्रीगंगानगर
2. अनूपगढ़
3. बीकानेर.
4. जैसलमेर- 464 कि.मी.
5. बाड़मेर- 228 कि.मी.

- रेडक्लिफ रेखा राज्य में उत्तर में श्रीगंगानगर के **हिन्दूमल कोट** से लेकर दक्षिण - पश्चिम में बाड़मेर के बाखासर गाँव, सेडवा तहसील तक विस्तृत है।
- रेडक्लिफ रेखा पर पाकिस्तान के 9 जिले पंजाब प्रान्त का बहावलपुर, बहावल नगर व रहीमयारखान तथा सिंध प्रान्त के घोटकी, सुक्कुर, खैरपुर, संघर, उमरकोट व थारपाकर राजस्थान से सीमा बनाती है।

राजस्थान के साथ सर्वाधिक सीमा – **बहावलपुर**

राजस्थान के साथ न्यूनतम सीमा- **खैरपुर**

पाकिस्तान के दो प्रांत राजस्थान की सीमा को छूते है।

1. पंजाब प्रांत
2. सिंध प्रांत

- रेडक्लिफ रेखा एक कृत्रिम रेखा है।
- राजस्थान की रेडक्लिफ रेखा से सर्वाधिक सीमा जैसलमेर (464 कि.मी.) की लगती है।
- रेडक्लिफ के नजदीक जिला मुख्यालय –अनूपगढ़
- रेडक्लिफ के सर्वाधिक दूर जिला मुख्यालय - बीकानेर
- रेडक्लिफ रेखा पर सबसे बड़ा जिला - जैसलमेर
- रेडक्लिफ रेखा पर सबसे छोटा जिला – **श्रीगंगानगर**

1. **अजमेर संभाग** – अजमेर संभाग में 7 जिले ब्यावर, शाहपुरा, डीडवाना-कुचामन, अजमेर, केकड़ी, टोंक, नागौर आते हैं।
2. **उदयपुर संभाग** – उदयपुर संभाग में 5 जिले आते हैं- उदयपुर, भीलवाडा, चित्तौड़गढ़, सलुम्बर, राजसमन्द। **ट्रिक – उदय भील** का **चित्तौड़** से **सलुम्बर** तक **राज** है।
3. **कोटा संभाग**- कोटा संभाग में 4 जिले (बारां, बूंदी, कोटा, झालावाड़) आते हैं।
4. **जयपुर संभाग** – जयपुर संभाग में 6 जिले (जयपुर, अलवर, खैरथल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़, दौसा, दूदू) आते हैं।
5. **जोधपुर संभाग**- जोधपुर संभाग में 6 जिले (जोधपुर / जोधपुर ग्रामीण, बाड़मेर, फलौदी, बालोतरा, जैसलमेर)
6. **पाली संभाग** – पाली संभाग में 4 जिले (पाली, जालौर, सांचौर, सिरोही) शामिल हैं।
7. **बांसवाड़ा संभाग** – बांसवाडा संभाग में 3 जिले (बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़) शामिल हैं।
8. **बीकानेर संभाग** – बीकानेर संभाग में 4 जिले (श्री गंगानगर, हनुमानगढ़, अनूपगढ़, बीकानेर) शामिल हैं।
9. **भरतपुर संभाग** – भरतपुर संभाग में 6 जिले (भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, गंगापुरसिटी और डीग) शामिल हैं।
10. **सीकर संभाग** – सीकर संभाग में 4 जिले (झुंझुनू, सीकर, चुरू और नीमकाथाना) शामिल हैं।

अंतर्राष्ट्रीय सीमा

अंतर्राष्ट्रीय सीमा बनाने वाले संभाग – बीकानेर व जोधपुर

- सर्वाधिक अंतर्राष्ट्रीय सीमा बनाने वाला संभाग - जोधपुर
- न्यूनतम अंतर्राष्ट्रीय सीमा बनाने वाला संभाग - बीकानेर
- अंतर्राष्ट्रीय सीमा के नजदीक संभागीय मुख्यालय - बीकानेर
- अंतर्राष्ट्रीय सीमा से दूर संभागीय मुख्यालय -जोधपुर
- अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर क्षेत्रफल में बड़ा संभाग - जोधपुर
- अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर क्षेत्रफल में छोटा संभाग-बीकानेर

राजस्थान के वे जिले जो अंतर्राष्ट्रीय और अंतर्राज्यीय नहीं बनाते हैं।

22 जिले - (जोधपुर, जोधपुर ग्रामीण, बालोतरा, फलौदी, जालौर, पाली, राजसमन्द, शाहपुरा, केकड़ी, ब्यावर, अजमेर, टोंक, दौसा, बूंदी, जयपुर, जयपुर ग्रामीण, दूदू, डीडवाना-कुचामन, सीकर, नागौर, सलुम्बर तथा गंगापुरसिटी)

अंतर्राज्यीय सीमा

- अंतर्राज्यीय सीमा बनाने वाले संभाग – 9
- केवल अंतरराज्यीय सीमा बनाने वाले संभाग – 7
- अंतर्राष्ट्रीय व अन्तर्राज्यीय दोनों सीमा बनाने वाले संभाग -2 (बीकानेर व जोधपुर)
- ऐसा संभाग जो न तो अंतर्राष्ट्रीय व न ही अन्तर्राज्यीय सीमा बनाता है – 1 (अजमेर)
- सर्वाधिक अंतर्राज्यीय सीमा बनाने वाला संभाग - उदयपुर
- अंतर्राज्यीय सीमा के नजदीक संभागीय मुख्यालय - भरतपुर
- अंतर्राज्यीय सीमा से दूर संभागीय मुख्यालय - जोधपुर
- अंतर्राज्यीय सीमा पर क्षेत्रफल में बड़ा संभाग -जोधपुर
- अंतर्राज्यीय सीमा पर क्षेत्रफल में छोटा संभाग – बांसवाड़ा संभाग
- दो बार अंतर्राज्यीय सीमा बनाने वाला संभाग -उदयपुर (चित्तौड़गढ़ के दो भाग)
- राजस्थान का मध्यवर्ती संभाग - अजमेर
- राजस्थान अपने **वर्तमान स्वरूप। नवम्बर 1956** को आया।
- वर्तमान में राजस्थान में 7 जिलों वाले 2 संभाग (जयपुर व अजमेर) हैं।
- 6 जिलों वाले दो संभाग (भरतपुर व जोधपुर) हैं।
- 5 जिलों वाला एक संभाग उदयपुर है।
- 4 जिलों वाले 4 संभाग (बीकानेर, सीकर, कोटा और पाली) हैं।
- 3 जिलों वाला एक संभाग बांसवाड़ा संभाग है।
- केवल एक संभाग की सीमा को स्पर्श करनें वाला संभाग – बांसवाड़ा
- राज्य के सर्वाधिक 8 संभागों की सीमा को स्पर्श करनें वाला संभाग – अजमेर
- तीन राज्यों की सीमा को स्पर्श करने वाला संभाग – भरतपुर संभाग
- सर्वाधिक नदियों वाला संभाग – कोटा संभाग
- सर्वाधिक नदियों वाला जिला – उदयपुर
- सर्वाधिक वर्षा एवं आर्द्रता वाला संभाग – कोटा संभाग
- राजस्थान का पूर्वी संभाग – भरतपुर संभाग
- राजस्थान का पश्चिमी संभाग – जोधपुर संभाग

प्रदेश के जिलों के आधुनिक उपनाम

गंगानगर	फलों की टोकरी, राजस्थान का अन्नागार, बागानों की भूमि
बीकानेर	राती घाटी, ऊन का घर
जैसलमेर	स्वर्ण नगरी, राजस्थान का अंडमान, हवेलियों का शहर, झरोखों की नगरी, रेगिस्तान का गुलाब, येलो सिटी, गलियों का शहर, पंखों का नगर, म्यूजियम सिटी
जोधपुर	ब्लू सिटी / नीला शहर, सन सिटी / सूर्य नगरी, मरुस्थल का प्रवेश द्वार / सिंहद्वार, राजस्थान की विधि नगरी
बाड़मेर	राजस्थान की थार नगरी, राजस्थान का खजुराहो

भीलवाड़ा	राजस्थान का मैनचेस्टर, वस्त्र नगरी, जू ऑफ़ मिनरल, टेक्सटाइल सिटी
सिरोही	राजस्थान का शिमला
राजसमन्द	राजस्थान की थर्मोपोली
नागौर	औजारों की नगरी, राजस्थान का धातु नगर
सीकर	हाईटेक सिटी
नीमकाथाना	ताम्बा नगरी
जयपुर	पिंक सिटी / गुलाबी नगरी, पूर्व का पेरिस, हेरिटेज सिटी
अलवर	राजस्थान का स्कॉटलैंड, राजस्थान का सिंह द्वार, राजस्थान का पूर्वी कश्मीर
भरतपुर	राजस्थान का पूर्वी सिंह द्वार, राजस्थान का प्रवेश द्वार
धौलपुर	राजस्थान का पूर्वी प्रवेश द्वार, रेड डायमंड
करौली	डांग की रानी
अजमेर	राजस्थान का हृदय, अंडे की टोकरी, सांप्रदायिक सौहार्द का शहर, राजपूताना की कुंजी, अरावली का अरमान
बूंदी	बावडियों का शहर (सिटी ऑफ़ स्टेपवेल्स), वैभव नगरी
बारां	वराह नगरी, मिनी खजुराहो (भंडदेवरा)
झालावाड़	राजस्थान का चेरापूंजी, विरासत का शहर, घंटियों का शहर (झालरापाटन)
चित्तौड़गढ़	राजस्थान का गौरव
प्रतापगढ़	राधा नगरी, कांठल
कोटा	शिक्षा का तीर्थ स्थल, राजस्थान का नालंदा, औद्योगिक नगरी, राजस्थान का कानपुर, उद्यानों का नगर
डूंगरपुर	पहाड़ों की नगरी
उदयपुर	मेवाड़, प्राग्वाट, मेदपाट, झीलों की नगरी, पूर्व का वेनिस, सैलानियों का स्वर्ग, माउंटेन और फाउंटेन का शहर, एशिया का विएना, लेक सिटी, जिंक नगरी, ऑस्ट्रेलिया जैसी आकृति

राजस्थान के प्राचीन क्षेत्र और वर्तमान स्थिति

योद्धेय प्रदेश	अनूपगढ़, गंगानगर, हनुमानगढ़
भटनेर	हनुमानगढ़
शेखावाटी प्रदेश	झुंझुनू, सीकर, चुरू, नीमकाथाना
कुरुक्षेत्र, शाल्व जनपद, आलोर	अलवर
मेवात क्षेत्र / मत्स्य प्रदेश	खैरथल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़, अलवर, भरतपुर, डीग
श्रीपंथ	बयाना (भरतपुर)
कोठी	धौलपुर
गोपालपाल	करौली
डांग क्षेत्र, बीहड़	करौली, सवाईमाधोपुर
प्राचीन भारत का टाटा नगर, नवाबों का शहर	टोंक
हयहय प्रदेश, हाडौती प्रदेश	कोटा, बूंदी, झालावाड़, बारां
बृजनगर, खींचीवाड़ा	झालावाड़
मालव प्रदेश	झालावाड़, प्रतापगढ़
वार्गट	डूंगरपुर बाँसवाड़ा का दक्षिणी भाग
मेवल	बाँसवाड़ा व डूंगरपुर के मध्य का भू-भाग
शिवी जनपद	सिरोही
देवनगरी, चन्द्रावती, आर्बुद	सिरोही
श्रीमाल, बाहड़मेट, मालाणी	बाड़मेर
जलालाबाद, जाबालीपुर	जालौर
मांड प्रदेश, वल्ल, दुंगल	जैसलमेर
जांगल प्रदेश	बीकानेर
थली क्षेत्र	चुरू, हनुमानगढ़, बीकानेर, श्री गंगानगर (चारों की सीमा रेखा जहाँ मिलती है, के आस-पास का क्षेत्र)
रामू जाट की ढाणी	गंगानगर
जाट रियासत	भरतपुर, धौलपुर
मत्स्य संघ / शूरसेन	कोटपूतली-बहरोड़, डीग, अलवर, भरतपुर, करौली, धौलपुर
अर्जुनायन	डीग, अलवर, भरतपुर
बांगड़ प्रदेश	झुंझुनू, सीकर, नीमकाथाना, डीडवाना-कुचामन, नागौर
सपादलक्ष	बीकानेर
चुन्धेर	अनूपगढ़
जांगल प्रदेश की राजधानी / अहिछत्रपुर	नागौर

भीलवाड़ा	*कोठारी नदी*
विजयनगर	*खारी नदी*
सूरतगढ़	*घग्घर नदी*
पाली	***बांडी नदी***
सुमेरपुर	*जवाई नदी*
आसींद	*खारी नदी*
सवाई माधोपुर	*बनास नदी*
बालोतरा	***लूनी नदी***
झुंझुनू	*कान्तली नदी*
नीमकाथाना	*कान्तली नदी*

जिला	***नदियों के नाम***
अजमेर	*डाई, लूनी*
उदयपुर	*सोम, साबरमती, बेड़च, बाकली*
अलवर	*साबी, गौरी, सोटा, काली, रूपारेल*
श्रीगंगानगर	*घग्घर*
कोटा	*(चंबल,पार्वती, कालीसिंध, परवन, निवाज)*
चित्तौड़गढ़	*(बनास, बामनी, बेड़च, बागन, बागली, औराई, सीबना, गंभीरी)*
चूरू	***कोई नदी नहीं है***
जयपुर	*(ढूंढ, बांडी, मोरेल, डाई, सीतामाशी, सखा)*
जोधपुर	*मीठड़ी (माठड़ी)*
जालौर	*(सूकड़ी, बांडी, जवाई, लीलड़ी)*
जैसलमेर	*काकन (काकनेन), चांथण, लाठी, धोगड़ी,*
झुंझुनू	*काँतली*
झालावाड़	*कालीसिंधी, छोटी कालीसिंध, निवाज, पार्वती, आहू*
डूंगरपुर	*(माही, सोम, सोनी, जाखम)*
बाँसवाड़ा	*माही, चेंनी, अन्नास*
नागौर	*लूनी*
बाड़मेर	*लूनी, सूकड़ी*
बीकानेर	***कोई नदी नहीं है***
भरतपुर	*गंभीर,बराह, बाणगंगा*
बूंदी	*कुराला, घोड़ा पछाड़, मेज, चंबल*
सीकर	*मेंथा, कांटली, कांवत*
सिरोही	*(सूकड़ी, पश्चिम बनास, खारी कृष्णावती, भूला, पोसलिया, ओरा, सुखदा)*
भीलवाड़ा	*बनास, बेड़च, कोठारी, मानसी, खारी, मेनाली*
सवाई माधोपुर	*बनास,चंबल, मोरेल*
धौलपुर	*चंबल*
दौसा	*बाणगंगा, मोरेल*
बारां	*पार्वती, परवन, कुकू*
राजसमंद	*बनास, चंद्रभान, खारी, कोठारी*
हनुमानगढ़	*घग्घर*
करौली	*चंबल, भद्रावती, गंभीर*
प्रतापगढ़	*जाखम, सूकली, भैंरवी*
अनूपगढ़	*घग्घर*
बालोतरा	*सूकड़ी, लूणी*
डीडवाना-कुचामन	*मेंथा नदी*
डीग	*रूपारेल*
फलौदी	***कोई नदी नही***
गंगापुरसिटी	*गंभीर*
दूदू	*ढूंढ, मानसी*
कोटपूतली-बहरोड़	*साबी, बाणगंगा*
खैरथल-तिजारा	*साबी*
नीमकाथाना	*कान्तली*
ब्यावर	*लूणी, खारी*
केकड़ी	*बनास, खारी*
सलूम्बर	*सोम, जाखम*
सांचौर	*लूणी, जवाई*
शाहपुरा	*बनास, खारी, कोठारी*
जयपुर ग्रामीण	*साबी, बाणगंगा, मेंथा*
जोधपुर ग्रामीण	*लूणी, जोजडी*
टोंक	*बनास, खारी*

राजस्थान की प्रमुख झीलें

प्रिय छात्रों राजस्थान की झीलों को हम दो भागों में विभाजित करेंगे -
(अ) खारे पानी की झीलें
(ब) मीठे पानी की झीलें

- *दोस्तों जैसा कि आपको पता है खारे पानी की झील से आशय ऐसी झील से होता है, जिसमें लवणता की मात्रा होती है और मीठे पानी की झील अर्थात् एक ऐसी झील जिसमे लवणता की मात्रा नहीं पाई जाती है ।*
- ***अरावली पर्वतमाला राजस्थान के लगभग बीच में स्थित है जिसके पश्चिम में खारे पानी की झीलें हैं और इसके पूर्व में मीठे पानी की झीलें स्थित है ।***
- *यह अरावली पर्वतमाला महान जल विभाजक रेखा का कार्य करती है।* ***राजस्थान में खारे पानी की ९ झीलें हैं।***
- *राजस्थान का पश्चिमी भाग* ***टेथिस सागर*** *का अवशेष है अतः इस क्षेत्र में पाई जाने वाली झीलें* ***खारे पानी की झीलें*** *है ।*

- *रेगिस्तानी क्षेत्र में खारे पानी की झीलों को **प्लाया** कहा जाता है तथा **तटीय क्षेत्र में इन्हें 'लैगून" कहा** जाता है, जैसे उड़ीसा में स्थित चिल्का झील सबसे बड़ी लैगून झील है।*
- *दोस्तों झीलों के खारा होने का एक अन्य कारण यह भी है कि दक्षिण पश्चिमी मानसून की अरब सागर की शाखा राज्य में प्रवेश करते समय लवण के भारी कणों को पश्चिमी भाग में गिरा देती है जिससे यहाँ की मिट्टी तथा झीलों में खारा पानी पाया जाता है ।*
- *राजस्थान की समस्त खारे पानी की झीलें वायु द्वारा निर्मित है ।*
- *दक्षिण एशिया में पहली बार विश्व झील सम्मेलन का आयोजन 28 अक्टूबर से 2 नवंबर 2007 को जयपुर में किया गया था।*

अब हम खारे पानी की झीलों को सबसे पहले विस्तार में समझते हैं और फिर मीठे पानी की झीलों को पढ़ेंगे।

<u>खारे पानी की झीलें –</u>

<u>खारे पानी की झीलें</u>

I. *सांभर झील*

- ***राजस्थान के जयपुर – फुलेरा मार्ग पर जयपुर से लगभग 65 किलोमीटर दूर स्थित सांभर झील भारत की सबसे बड़ी प्राकृतिक एवं खारे पानी की झील है।***
- *इस झील का विस्तार 3 जिलों में है – **जयपुर ग्रामीण, अजमेर और नागौर,** लेकिन सर्वाधिक विस्तार जयपुर जिले में है और इसका प्रशासनिक अधिकार नागौर जिले का है।*
- *इस झील की लंबाई दक्षिण - पूर्व से उत्तर - पश्चिम की ओर लगभग 32 किलोमीटर है और चौड़ाई लगभग 3 से 12 किलोमीटर है इसका कुल अपवाह क्षेत्र लगभग 500 वर्ग किलोमीटर है।*
- ***सांभर झील में मेंथा नदी, रूपनगढ़ नदी, खारी नदी और खंडेला नदी आकर मिलती हैं। इस झील पर भारत सरकार की "हिंदुस्तान साल्ट लिमिटेड कंपनी" द्वारा नमक उत्पादन कार्य किया** जा रहा है ।*

- हिंदुस्तान साल्ट लिमिटेड की स्थापना 1964 ई. में की गयी। इस झील में प्रति 4 मीटर की गहराई पर 350 लाख टन नमक उत्पादन होता है जो **भारत के कुल उत्पादन का 8.7% सांभर झील** से ही उत्पादित होता है।
- इसे 1990 ई. में रामसर साईट में शामिल किया गया। इस झील में **'क्यारी पद्धति'** द्वारा किया जाता है। सांभर झील में सर्दियों में फ्लेमिन्गोज (राजहंस) पक्षी उत्तरी एशिया से बड़ी संख्या में आते हैं।

इस झील से संबंधित अन्य महत्त्वपूर्ण तथ्य -

- **सांभर झील "स्वाईसरुबीना" नामक शैवालों के लिए प्रसिद्ध है।** इस शैवाल से 60% प्रोटीन प्राप्त होता है।
- यह झील अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं के लिए भी जानी जाती है जैसे -
- तीर्थ स्थली देव्यानी अर्थात् **तीर्थों की नानी**
- शाकंभरी माता का मंदिर
- संत हमीदुद्दीन की पुण्य भूमि
- जहाँगीर की ननिहाल
- अकबर की विवाह स्थली
- चौहानों की राजधानी

- ऐसा माना जाता है कि **इस झील का निर्माण बिजोलिया शिलालेख के अनुसार चौहान वंश के संस्थापक वासुदेव चौहान द्वारा** करवाया गया था।
- इस झील का आकार आयताकार है इस झील पर सन् 1857 में अंग्रेजों द्वारा स्थापित सांभर साल्ट म्यूजियम स्थित है।
- **पर्यटन के क्षेत्र में रामसर साइट के नाम से भी इसे जाना जाता है।**

2. पचपदरा झील

- ऐसा माना जाता है कि 400 ईसा पूर्व पंचा नामक एक भील व्यक्ति के द्वारा एक दलदल को सुखाकर इस झील के आसपास की बस्तियों का निर्माण करवाया गया था इसलिए इस झील को पचपदरा झील कहते हैं
- यह झील राजस्थान **राज्य के के बालोतरा जिलें में स्थित है।**
- इस झील में कुए बनाकर नमक उत्पादन किया जाता है। इन कुओं को **कोषियाँ** तथा इन कुओं से उत्पादित नमक को **कोशलू** कहा जाता है।
- इस झील से प्राचीन समय से ही **खारवाल जाति के 400 परिवार मोरली वृक्ष की टहनियों से भी नमक के (क्रिस्टल) स्फटिक तैयार** करते थे।
- **इस झील में 18% सोडियम क्लोराइड की मात्रा पाई जाती है इस झील का नमक खाने के लिए सबसे उपयुक्त है।**

3. डीड़वाना झील -

- यह झील **डीड़वाना-कुचामन जिले** में स्थित है।
- यहाँ निजी संस्थाओं द्वारा सर्वाधिक नमक उत्पादन किया जाता है। इन संस्थाओं को देवल कहा है।
- डीड़वाना में लवणीय पानी की क्यारियाँ बनाकर उसे सुखाकर नमक प्राप्त किया जाता है। **इस नमक ब्राइन नमक** कहा जाता है। इस झील से प्राप्त नमक **खाने योग्य नहीं** है।
- इस झील में राजस्थान सरकार द्वारा **राजस्थान स्टेट केमिकल वर्क्स नामक दो उद्योग** स्थापित किए गए हैं जो **कृत्रिम रूप से कागज के उत्पादन का निर्माण करते हैं।** इसके अलावा इस नमक का उपयोग चमड़ा उद्योग में भी होता है।
- कृत्रिम रूप से कागज का उत्पादन करने के लिए **सोडियम सल्फेट का निर्माण इसी झील के** द्वारा किया जाता है।
- इस झील का क्षेत्रफल 4 वर्ग किलो मीटर है।
- यहाँ का नमक विभिन्न रासायनिक क्रियाओं में प्रयुक्त होता है।
- Na_2SO_4 वाले नमक का उपयोग चमड़ा साफ करने में, कागज गलाने में किया जाता है।

4. नावां झील

- यह झील डीडवाना-कुचामन में स्थित है।
- इस झील में भारत सरकार का **'आदर्श लवण फार्म (मॉडल साल्ट फार्म)'** विकसित किया गया है।

5. लूणकरणसर झील

- यह झील राजस्थान के **बीकानेर जिले में** स्थित अत्यंत छोटी झील है।
- छोटी होने के कारण यहाँ से थोड़ी बहुत मात्रा में निकलने वाले नमक से स्थानीय लोगों को ही आपूर्ति हो पाती है।
- **लूणकरणसर "मूंगफली" के लिए प्रसिद्ध होने के कारण "राजस्थान का राजकोट"कहलाता है।**

राजस्थान में अन्य खारे पानी की झीलें निम्न हैं :-

- रेवासा झील सीकर में स्थित है।
- कर्नल जेम्स टॉड ने अपनी पुस्तक में रेवासा झील का उल्लेख किया है।
- तालछापर झील चूरू में स्थित है।
- **डेगाना झील नागौर में स्थित है।**
- फलौदी झील, बाप झील- फलौदी जिले में स्थित है। इस झील में राज्य का पहला कोयला संयंत्र स्थापित किया गया है।
- कावोद झील जैसलमेर में स्थित है।
- पोकरण झील जैसलमेर में स्थित है।
- कुचामन झील नागौर में स्थित है।

5. ***दांतरा*** *खेत में फसल को काटने के काम आता है। जैसे डोका, घास, कड़ब, रायड़ा, सरसों आदि काटने में।*
6. ***दांतरी*** *खेत में बाजरा तथा ज्वार के पौधों के सिरे (बाली) काटने के काम में आती है।*
7. ***बई*** *खेत में पाला, छोटी-बड़ी झाड़ियाँ, घास इकट्ठा करने व बाड़ा बनाने के काम में आती है।*
8. ***हाहीगी*** *खेत में कुत्तर (भूसा) भरने के काम में आती है।*
9. ***चारसींगी / चौंकनी*** *घास को इधर-उधर डालने एवं चारा (कुत्तर/भूसा) को भरने के काम में आता है।*
10. ***हल*** *खेत में बुआई के काम में आता है।*
11. ***खेड़ का हल*** *खेत में जुताई के काम में आता है।*
12. ***थ्रेसर*** *बाजरा, ज्वार, ग्वार, गेहूँ तथा सरसों आदि निकालने के काम में आता है।*
13. ***तवी*** *ट्रैक्टर के पीछे चलाकर खेत की जुताई की जाती है।*
14. ***कल्टीवेटर*** *ट्रैक्टर के पीछे चलाकर खेत में बुवाई की जाती है।*
15. ***कुत्तर*** *मशीन खेती में डोका, कड़ब, घास, सेवण, घामण, आदि को काटने के काम में आती है।*
16. ***दंताली*** *वर्मी कम्पोस्ट खाद में लगाने के काम में आता है। जिससे खाद को कीड़ा से बचाया जाता है।*
17. ***कुल्हाड़ी (कवाड़ी)*** *बड़ी झाड़ियों, काँटों को छाँगने या काटने के लिये।**गेंती*** *कठोर मिट्टी / मुरड़ खोदने के लिये।*
18. ***ओड़ी / ओड़ा*** *पशुओं को चारा एवं कचरा भरने के लिये*

राजस्थान की मंडिया



1. ***जीरा मंडी - मेडता सिटी (नागौर)***
2. ***संतरा मंडी - भवानी मंडी (झालावाड)***
3. *कीन्नू व माल्टा मंडी - श्रीगंगानगर*
4. *प्याज मंडी - अलवर*
5. *अमरूद मंडी - सवाई माधोपुर*
6. ***ईसबगोल (घोड़ाजीरा) मंडी - भीनमाल (जालौर)***
7. *मूंगफली मंडी - बीकानेर*
8. *धनिया मंडी - रामगंज (कोटा)*
9. ***फूल मंडी - अजमेर***
10. *मेहंदी मंडी - सोजत (पाली)*
11. *लहसून मंडी - छीपा बाडौद (बारां)*
12. ***अश्वगंधा मंडी -झालरापाटन (झालावाड़)***
13. *टमाटर मंडी - बस्सी (जयपुर ग्रामीण)*
14. *मिर्च मंडी - टोंक*
15. *मटर - बसेड़ी (जयपुर ग्रामीण)*
16. *टिण्डा मंडी - शाहपुरा (जयपुर ग्रामीण)*
17. ***सोनामुखी मंडी - सोजत (पाली)***
18. ***आंवला मंडी - चौमू (जयपुर ग्रामीण)***

- इसका रचयिता कान्हा व्यास है। जबकि डॉ. गौरीशंकर हीराचन्द ओझा के अनुसार इसका रचयिता महेश भट्ट है।

जगन्नाथराय प्रशस्ति (1652) :-

- यह जगदीश मंदिर, उदयपुर में उत्कीर्ण है।
- इसमें बापा से साँगा तक की उपलब्धियों का वर्णन है।
- यह मंदिर जगतसिंह प्रथम द्वारा बनाया गया।
- यह पंचायतन शैली का लेख है। जिसे अर्जुन की निगरानी में तथा सूत्राकार भाणा व उसके पुत्रा मुकुन्द की अध्यक्षता में बनवाया गया।

राजप्रशस्ति (1676) :-

- यह प्रशस्ति राजसंमद झील के तट पर नौ चौकी स्थान के ताकों में 25 काली पाषाण शिलाओं पर पद्य संस्कृत भाषा में उत्कीर्ण है, यह विश्व की सबसे बड़ी प्रशस्ति अभलेख है।
- इसका रचयिता तैलंग ब्राह्मण रणछोड़ भट्ट था।
- मेवाड़ के शासकों की उपलब्धियों का वर्णन मिलता है।
- यह प्रशस्ति जगतसिंह प्रथम तथा राजसिंह के काल की उपलब्धियां जानने के लिए महत्वपूर्ण स्त्रोत है, यह विश्व की सबसे बड़ी पाषाण उत्कीर्ण प्रशस्ति है।

राठौड़ वंश की शाखाएँ –

धांधल, भडेल, धूहड़िया, हटडिया, मालावत, गोगादेव, महेचा, राठौड़, बीका, मेडतिया, बीदावत, बाल चांपावत, कांधलोत, उदावत, देवराजोत, गहड़वाल, करमसोत, कुम्पावत, मंडलावत, नरावत आदि।

मारवाड़ का इतिहास

राठौड़ वंश

राजस्थान के उत्तर-पश्चिम भाग में जिस राजपूत वंश का शासन हुआ उसे राठौड़ वंश कहा गया है। उसे मारवाड़ के नाम से जाना जाता है। मारवाड़ में पहले गुर्जर प्रतिहार वंश का राजा था। प्रतिहार यहाँ से कन्नौज (उत्तरप्रदेश) चले गये। फिर राठौड़ वंश की स्थापना इस भाग में हुई,

शाखा	स्थापना	संस्थापक
1. मारवाड़ (जोधपुर)	1240 ई.	राव सीहा
2. बीकानेर	1465 ई.	राव बीका
किशनगढ़	1609 ई.-	किशनसिंह

उत्पत्ति

- राठौड़ शब्द की उत्पत्ति राष्ट्रकूट शब्द से मानी जाती है।
- पृथ्वीराजरासो, नैणसी, दयालदास और कर्नल टॉड राठौड़ों को कन्नौज के जयचन्द गहड़वाल का वंशज मानते हैं।
- "राठौड़ वंश महाकाव्य में राठौड़ों की उत्पत्ति शिव के शीश पर स्थित चन्द्रमा से बताई है।
- डॉ. हार्नली ने सर्वप्रथम राठौड़ों को गहड़वालों से भिन्न माना है। इस मत का समर्थन डा. ओझा ने किया है।
- डॉ. ओझा ने मारवाड़ के राठौड़ों को बदायूँ के राठौड़ों का वंशज माना है।

मारवाड़ (जोधपुर) के राठौड़ संस्थापक – राव सीहा (1240 – 1273)

- राव सीहा जी राजस्थान में स्वतंत्र राठौड़ राज्य के संस्थापक थे। राव सीहा जी के वीर वंशज अपने शौर्य, वीरता एवं पराक्रम व तलवार के धनी रहे हैं। इनके वंशजों में दुर्गादास व अमर सिंह जैसे इतिहास प्रसिद्ध व्यक्ति हुए। राव सिहा सेतराम जी के आठ पुत्रों में सबसे बड़े थे।

चेतराम सम्राट के, पुत्र अस्ट महावीर !
जिसमें सिहों जेस्ठ सूत, महारथी रणधीर।

- राव सीहा जी सं. 1268 के लगभग पुष्कर की तीर्थ यात्रा के समय मारवाड़ आये थे उस मारवाड़ की जनता मीणों, मेरों आदि की लूटपाट से पीड़ित थी, राव सिहा के आगमन की सूचना पर पाली नगर के पालीवाल ब्राह्मण अपने मुखिया जसोधर के साथ सीहा जी मिलकर पाली नगर को लूटपाट व अत्याचारों से मुक्त करने की प्रार्थना की। अपनी तीर्थ यात्रा से लौटने के बाद राव सीहा जी ने भाइयों व फलौदी के जगमाल की सहायता से पाली में हो रहे अत्याचारों पर काबू पा लिया एवं वहां शांति व शासन व्यवस्था कायम की, जिससे पाली नगर की व्यापारिक उन्नति होने लगी।

आठों में सीहा बड़ा, देव गरुड़ है साथ।
बनकर छोडिया कन्नोज में, पाली मारा हाथ।
पाली के अलावा भीनमाल के शासक के अत्याचारों की जनता की शिकायत पर जनता को अत्याचारों से मुक्त कराया।
भीनमाल लिधी भडे,सिहे साल बजाय।
दत दीन्हो सत सग्रहियो, ओजस कठे न जाय।

- पाली व भीनमाल में राठौड़ राज्य स्थापित करने के बाद सीहा जी ने खेड़ पर आक्रमण कर विजय कर लिया।

महत्वपूर्ण तथ्य -

- मारवाड़ के राठौड़ वंश का संस्थापक / राठौड़ वंश का आदि पुरुष कहा जाता है।
- राव सीहां कुंवर 'सेतराम' का पुत्र था उसकी रानी सोलंकी वंश की 'पार्वती थी।
- 13 वीं शताब्दी में जब तुर्कों ने कन्नौज को आक्रमण कर बर्बाद कर दिया तो राव सीहा मारवाड़ चला आया।
- पाली के समीप बीठू गाँव के देवल के लेख से सीहा की मृत्यु की तिथि 1273 ई. निश्चित होती है। इस लेख के अनुसार सीहा की मृत्यु बीठू गाँव (पाली) में मुसलमानों से गायों कि रक्षा करते हुए युद्ध के दौरान हुई थी। इस

लेख पर अश्वारोही सीहा को शत्रु पर भाला मारते हुए दिखाया गया है ।

- राव सीहा के पश्चात् उनका पुत्र आसनाथ गद्दी पर बैठा।

आसनाथ (1273 – 1291 ई.)

- सीहा के बाद आसनाथ राठौड़ों का शासक बना। उसने गूँदोच को केन्द्र बनाया। 1291 ई. में सुल्तान जलालुद्दीन खिलजी के आक्रमण के समय पाली की रक्षा करते हुए आसनाथ 1291 ई. में वीरगति को प्राप्त हुआ ।
- आसनाथ के पुत्र धूहड़ ने राठौड़ों की कुलदेवी चक्रेश्वरी नागणेचीद्ध की मूर्ति कर्नाटक से लाकर नगाणा गांव (बाड़मेर) मे स्थापित कराई ।
- इनके छोटे भाई का नाम धांधलश् था। ये लोक देवता पाबू जी के पिता थे।

राव चूँड़ा (1383 – 1423)

- राव चूँड़ा विरमदेव का पुत्र था ।
- राव चूँड़ा राठौड़ों का प्रथम महत्वपूर्ण शासक माना जाता है । अपने पिता की मृत्यु के समय चूँड़ा छः वर्ष का था । इसलिए उसकी माता ने उसे चाचा मल्लिनाथ के पास भेज दिया। मल्लिनाथ ने चूँड़ा को सालोड़ी गाँव जागीर में दी थी ।
- उसने इन्दा शाखा के राजा की पुत्री किशोर कुंवरी (मण्डौर ए जोधपुर) से विवाह किया तथा दहेज में उसे मण्डौर दुर्ग मिला ।
- चूँड़ा ने इन्दा परिहारों के साथ मिलकर मण्डौर को मालवा के सूबेदार से छीन लिया तथा मण्डौर को अपनी राजधानी बनाया।
- इस प्रकार इन्दा परिहारों को अपना सहयोगी बनाकर राव चूँड़ा ने मारवाड़ में सामन्त प्रथा की स्थापना की।
- उसने जलाल खाँ खोखर को पराजित कर नागौर पर अधिकार कर लिया था ।
- परन्तु जैसलमेर के भाटियों और जांगल प्रदेश के सांखलाओं के नागौर पर आक्रमण के समय 1423 ई. में चूँड़ा मारा गया ।
- उसकी रानी चाँद कँवर ने जोधपुर की चाँद बावड़ी का निर्माण करवाया था ।

रावल मल्लिनाथ

राजस्थान के प्रसिद्ध लोक देवता हैं इन्होंने अपनी राजधानी 'मेवानगर' (जाकोड़ा) बनायी। मल्लीनाथ के नाम पर ही मारवाड़ क्षेत्र को मालाणी कहते हैं ।

- भाई 'वीरम' (मल्लीनाथ ने अपने बेटे जगमाल को राजा न बनाकर वीरम को राजा बना दिया।)

कान्हा (1423 – 1427)

चूँड़ा ने अपनी मोहिलाणी रानी के प्रभाव में आकर उसके पुत्र कान्हा को अपना उत्तराधिकारी बनाया जबकि रणमल, चूँड़ा का ज्येष्ठ पुत्र था।

- 1427 ई. में रणमल ने राणा मोकल की सहायता से मण्डौर पर अधिकार कर लिया। इस समय कान्हा का उत्तराधिकारी सत्ता मण्डौर का शासक था।
- ऐसा कहा जाता है कि राव कान्हा की मृत्यु 'करणी माता के हाथों हुई थी ।

राव रणमल, - (1427 – 1438)

राव रणमल, राव चूँड़ा का ज्येष्ठ पुत्र था जो उन्हें रानी चाँद कँवर से हुआ था ।

- परन्तु जब उसे राजा नहीं बनाया गया तो वह नाराज होकर मेवाड़ के राणा लक्ष सिंह (लाखा) की शरण में चला गया ।
- राणा लाखा ने रणमल को 'धणला' की जागीर प्रदान की।
- रणमल ने अपनी बहन हंसाबाई का विवाह राणा लाखा से कर दिया । परन्तु उसने एक शर्त रखी जिसके अनुसार हंसाबाई का पुत्र ही मेवाड़ का शासक बने ।
- मेवाड़ी सरदारों ने 1438 ई. में उसकी प्रेयसी भारमली की सहायता से चित्तौड़ में रणमल की हत्या कर दी । ऐसा कहा जाता है कि उसे उसकी प्रेयसी भारमली ने शराब में विष दिया था । इस तरह रणमल का अंत हुआ।

राव जोधा (1438 – 1489)

1. राव 'रणमल' को रानी 'कोडमद' से जो पुत्र हुआ वही राव जोधा था ।

मेहरानगढ़ दुर्ग

1. ज्ञात स्त्रोतों से यह विदित होता है कि मेहरानगढ़ की नींव का पहला पत्थर करणी माता (रिद्धि बाई) ने रखा था ।
2. इसकी नींव में राजा राम खड़ेला नामक व्यक्ति को जिंदा चुनवाया गया था ।
3. किपलिंग ने मेहरानगढ़ दुर्ग के लिए कहा कि – इस दुर्ग निर्माण शायद परियों व फरिश्तों ने किया था' ।
4. इसमें चामुण्डा माता का मंदिर, मानप्रकाश पुस्तकालय, फूलमहल , कीरत व धन्ना की छतरी इत्यादि के दर्शन होते हैं, तथा किलकिला, शम्भू बाण व गजनी खां, जो कि तोपों के नाम हैं, भी यहाँ देखने को मिलती है ।

राव सातल (1489 – 1492)

1. जोधा के पुत्र राव सातल ने सातलमेर कस्बा बसाया था। उसकी भटियाणी रानी फूलां में जोधपुर में कुलेलाव तालाब बनवाया ।
2. अजमेर के हाकिम मल्लू खाँ के साथ पीपाड़ (जोधपुर) के युद्ध में घायल हो जाने के कारण राव सातल की मृत्यु (1492 ई.) हो गई । इस युद्ध में राव सातल विजयी रहा था ।

राव सूजा 1492 – 1515

- यह राव जोधा का दूसरा पुत्र था । इसके समय बीकानेर के राव बीका ने जोधपुर पर आक्रमण किया था ।

- अतः इस सिफारिश के आधार पर 1 मई 1949 को मत्स्य संघ को वृहद् राजस्थान में मिलाकर वृहत्तर राजस्थान का निर्माण किया गया । इसका उद्घाटन 15 मई 1949 को हुआ ।

सिरोही

- 1947 को सिरोही गुजरात में मिला दिया गया। गोकुल भाई भट्ट एवं बलवंत सिंह मेहता ने इसका विरोध किया।
- पटेल ने गोकुल भाई भट्ट के गाँव हाथल के अलावा पूरे सिरोही को गुजरात में विलय कर लिया और उस नेहरू को कहा कि, राजस्थानी नेताओं को गोकुल भाई भट्ट चाहिए जो मिल जायेगा ।
- लेकिन भारी विरोध के पश्चात् अन्ततः 26 जनवरी 1950 को सिरोही को वृहद् राजस्थान में मिला दिया गया ।
- आबू देलवाड़ा के संदर्भ में हीरालाल शास्त्री ने कहा था कि गोकुल भाई भट्ट के बिना राजस्थान निर्माण की कल्पना भी नहीं की जा सकती ।

सप्तम चरण

- 1 नवम्बर, 1956 समय 9 : 40 : 27 अजमेर, मेरवाड़ आबू सुनेल टप्पा मंदसौर से लेकर राजस्थान में मिलाया गया तथा बदले में सिरोंज गांव मध्यप्रदेश को दिया गया।
- अजमेर मेरवाड़ केन्द्रशासित प्रदेश था जहां अलग से विधानसभा चलती थी इसे धारा सभा के नाम से जाना जाता था ।
- इसके मुख्यमंत्री हरिभाऊ उपाध्याय थे जिन्होंने अजमेर मेरवाड़ के विलय का विरोध किया था ।
- सातवें संविधान संशोधन के वृहद् राज्यप्रमुख, उप राज्यप्रमुख, महाराजा प्रमुख पदों की समाप्ति और राज्यपाल का पद सृजित किया गया ।
- सिरोही रियासत का विलय दो चरणों में हुआ था ।
- राजस्थान के एकीकरण का खलनायक कोनार्ड कोर फील्ड था ।

कला एवं संस्कृति

अध्याय – 1

राजस्थान की स्थापत्य कला, किले स्मारक महल इत्यादि

किले :-

गागरौन का किला :

- वर्तमान झालावाड़ जिले में काली सिंध एवं आहू नदियों के किनारे स्थित है।
- गागरोण का किला एक जलदुर्ग है।
- इसका निर्माण डोड परमार शासकों ने करवाया था, इसलिए इसे ' डोडगढ़ ' एवं 'धूलरगढ़' भी कहते हैं ।
- देवेन सिंह खिंची ने बीजलदेव डोड को हराकर इस पर अधिकार कर लिया था।

वैत्रसिंह :

- 1303 में वैत्रसिंह के समय अलाउद्दीन ने आक्रमण किया था।
- संत हमीदुद्दीन चिश्ती वैत्रसिंह के समय गागरौन आए थे, जिन्हें हम 'मीठे साहेब' के नाम से जानते हैं । इनकी दरगाह गागरौन के किले में बनी हुई है।

प्रताप सिंह :

- इन्हें हम संत पीपा के नाम से जानते हैं। इनके समय में फिरोज तुगलक ने गागरोण पर विफल आक्रमण किया था। संत पीपा की छत्तरी गागरौन में बनी हुई है।

अचलदास :

- 1423 ई. में मालवा का सुल्तान होशंगशाह गागरौन पर आक्रमण करता है। इस समय गागरौण के किले का पहला साका होता है।
- अचलदास खिंची अपने साथियों के साथ लड़ता हुआ मारा जाता है।
- लाला मेवाड़ी के नेतृत्व में जौहर किया जाता है।
- अचलदास खिंची की अन्य रानी का नाम : उमा सांखला (जांगलू)।
- शिवदास गाड़ण ने 'अचलदास खिंचीरी वचनिका' नामक ग्रंथ लिखा है।

पाल्हण सिंह (अचलदास का पुत्र, कुम्भा का भांजा) :

- 1444 ई. में मालवा का सुल्तान महमूद खिलजी गागरौन पर आक्रमण करता है।
- कुम्भा अपने सेनानायक धीरज देव को भेजकर पाल्हण सिंह की सहायता करता है। इस समय गागरौण के किले का दुसरा साका होता है। महमूद खिलजी ने गागरौण का नाम मुस्तफाबाद रख दिया था। (महासिरे मुहम्मदशाही में इसका जिक्र है)।
- बाद में गागरौन का किला महाराणा सांगा (मेवाड़) के अधिकार में आ गया था।
- सांगा ने अपने मित्र मेदिनी राय (चन्देरी) को यह किला दे दिया।

- 1567-68 ई. के चित्तौड़ आक्रमण के समय अकबर इसके किले में ठहरता है और फैजी इससे मुलाकात करता है।
- बाद में अकबर ने यह किला पृथ्वीराज राठौड़ को दे दिया। पृथ्वीराज राठौड़ ने इसी किले में 'बेलिक्रिसण रुक्मिणी' की रचना की।
- शाहजहाँ ने यह किला कोटा महाराजा माधोसिंह को दे दिया था। कोटा महाराजा दुर्जनसाल ने यहाँ मधुसूदन का मंदिर बनाया।
- जालिमसिंह झाला ने यहाँ जालिम कोट (परकोटा) का निर्माण करवाया।
- औरंगजेब ने यहा बुलन्द दरवाजे का निर्माण करवाया।
- इस किले में एक जौहर कुण्ड है, अंधेरी बावड़ी, गीध कढ़ाई (यहाँ राजनैतिक ऊंची पहाड़ी पर बंदियों को सजा दी जाती थी) है।
- गागरौन का किला बिना नींव के (चट्टानों पर) खड़ा है। कोटा राज्य की टकसाल यहीं पर थी।

चितौड़गढ़ का किला :

- दुर्गों का सिरमौर
- दुर्गों का तीर्थस्थल
- राजस्थान का गौरव
- इस किले का निर्माण चित्रांगद मौर्य ने किया था। (कुमारपाल प्रबन्ध के अनुसार)।
- 734 ई. में बप्पा रावल ने मान मौर्य को हराकर चित्तौड़ के किले पर अधिकार कर लिया।
- 1559 ई. में उदयपुर की स्थापना तक चित्तौड़ मेवाड़ की राजधानी रहा है। यह राजस्थान का सबसे बड़ा आवासीय किला है।
- चित्तौड़ के किले में तीन साके हुए : 1303 में द्वारा रतनसिंह के समय : अलाउद्दीन। 1534 में द्वारा कर्मावती के समय : बहादुरशाह। 1568 में उदयसिंह के समय : अकबर।
- कुम्भा ने कुम्भा स्वामी का मंदिर, श्रृंगार चंवरी का मंदिर बनवाया।
- मोकल ने समिद्धेश्वर मंदिर का पुनर्निमाण करवाया।
- बनवीर ने नवलखा भण्डार बनवाया।
- बनवीर ने तुलजा भवानी का मंदिर बनवाया।
- चित्तौड़ के किले में रत्नेश्वर तालाब, भीमलव तालाब, मीरा मंदिर, कालिका मंदिर, लाखोटा बारी आदि प्रमुख है।
- चित्तौड़ का किला मेसा पठार पर मीनाकृति में बना हुआ है। धान्वन दुर्ग को छोड़कर इसमें अन्य सभी विशेषताएँ है।
- यह किला गम्भीरी एवं बेड़च नदियों के किनारे बसा हुआ है।
- महाराणा कुम्भा ने इसमें 7 दरवाजे बनवाए।
- कुम्भा ने इसमें 'विजय स्तम्भ' (कीर्ति स्तम्भ) का निर्माण करवाया।
- चित्तौड़ के किले में एक जैन कीर्ति स्तम्भ बना हुआ है।
- यह राजस्थान की प्रथम इमारत है जिस पर 15 अगस्त 1949 को एक रुपये का डाक टिकट जारी किया गया।

कुम्भलगढ़ का किला :

- महाराणा कुम्भा ने 1448 ई. से 1458 ई. के बीच इसका निर्माण करवाया।
- कुम्भलगढ़ का वास्तुकार 'मण्डन' था।
- कुम्भलगढ़ वर्तमान राजसमंद जिले में स्थित है।
- कुम्भलगढ़ के किले को मेवाड़-मारवाड़ का सीमा प्रहरी कहते है।
- अत्यधिक ऊंचाई पर बना हुआ होने के करण अबुल फजल ने कहा था कि इस किले को नीचे से ऊपर की ओर देखने पर पगड़ी गिर जाती है।
- कुम्भलगढ़ के शीर्ष भाग में कटारगढ़ बना हुआ है जो कुम्भा का निजी आवास था। कटारगढ़ को 'मेवाड़ की आँख' कहते है।
- कुम्भलगढ़ के किले में उदय ने कुम्भा की हत्या (मामादेव कुण्ड के पास) की थी।
- उड़वा राजकुमार पृथ्वीराज की छत्तरी बनी हुई है। (12 खम्भों की)।
- पन्नाधाय उदयसिंह को लेकर कुम्भलढ़ के किले में आयी थी, उदयसिंह का राजतिलक यहीं हुआ था।
- महाराणा प्रताप ने भी अपना शुरुआती शासन कुम्भलगढ़ से चलाया था।
- कुम्भलगढ़ के किले को मेवाड़ शासकों की 'संकटकालीन राजधानी' कहते है।
- कुम्भलगढ़ के किले में भी कुम्भा स्वामी का मंदिर बना हुआ है।
- इसी किले में झाली रानी का महल बना हुआ है।
- कुम्भलगढ़ के दीवार की लम्बाई : 36 कि.मी. और चौड़ाई इतनी है कि आठ घोड़े समानान्तर दौड़ सकते है।
- कर्नल जेम्स टॉड ने इसकी तुलना 'यूरोप के एट्रस्कन' (सुदृढ़ प्राचीर, बुर्ज एवं कंगरो के कारण) से की।

रणथम्भौर दुर्ग :

- वर्तमान में सवाई माधोपुर में स्थित है।
- 8वीं शताब्दी में चौहान शासकों द्वारा निर्मित।
- अण्डाकार आकृति में निर्मित है।
- गिरि एवं वन दोनों दुर्गों की विशेषता रखता है।
- अबुल फजल : बाकी सब किले नंगे है पर रणथम्भौर दुर्ग बख्तरबंद है।
- हम्मीर के समय जलालुद्दीन खिलजी ने यहाँ एक विफल आक्रमण किया था।
- इस विफलता के बाद खिलजी ने कहा था : ऐसे 10 किलों को मैं मुसलमान के एक बाल के बराबर भी नहीं समझता।
